2022 Ontario Voting Guide – Hindi

ओंटैरियो के प्रांतीय चुनाव में मतदान के लिए तैयार हों!

2 जून को या उससे पहले अपना X चिह्नित करें।

योग्यता

ओंटैरियो चुनाव में मतदान करने के लिए, आपके लिए यह होना अनिवार्य है:

- चुनाव के दिन 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का;
- एक कनाडाई नागरिक; तथा
- ओंटैरियो का निवासी।

रेजिस्ट्रेशन

23 मई तक eregistration.elections.on.ca. पर मतदाता सूची में अपनी जानकारी की पुष्टि करें, उसे अपडेट करें या शामिल करें।

यदि आप रजिस्टर्ड नहीं हैं तब भी आप मतदान कर सकते हैं। जब आप मतदान करने जाएं तो व्यक्तिगत रूप से अपनी जानकारी शामिल करें।

वोटर जानकारी कार्ड

यदि आप वोटरों की सूची में हैं, तो आपको एक वोटर जानकारी कार्ड डाक से भेजा जाएगा जिसमें यह जानकारी होगी कि कब और कहां मतदान करना है। 13 मई से वोटर इंफॉर्मेशन कार्ड जारी किए जाएंगे।



यदि आपको वोटर जानकारी कार्ड नहीं मिलता है तब भी आप मतदान कर सकते हैं। अपना नाम और वर्तमान आवासीय पता दोनों दिखाते हुए ID का एक पीस साथ लाएं।

अपने चुनावी जिले में तारीखों और मतदान के स्थानों की पूरी सूची के लिए, elections.on.ca पर जाएं या इलेक्शनज़ ओंटैरियो ऐप डाउनलोड करें।

वोट करने के लिए ID

क्या आपके पास वोटर जानकारी कार्ड है?

हाँ — अपना नाम दिखाता हुआ ID का एक पीस लाएं
नहीं - अपना नाम और आवासीय पता दिखाते हुए ID का एक पीस लाएं

जब आप मतदान करने जाते हैं तो आप अपनी ID की इलेक्ट्रॉनिक कॉपी का उपयोग कर सकते हैं, जो प्रिंट की हुई या मोबाइल डिवाइस पर प्रदर्शित की जा सकती है।

फोटो ID की आवश्यकता नहीं है। जब आप मतदान करने जाते हैं तो आपको अपने लिंग या लिंग अभिव्यक्ति के बारे में कोई जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता नहीं होती है।

स्वीकृत ID के उदाहरणों में शामिल हैं:

- ओंटैरियो ड्राइवर का लाइसेंस

- ऑंटैरियो फोटो कार्ड
- क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट
- यूटिलिटी बिल
- आवासीय लीज़
- स्टूडेन्ट ट्रांसस्क्रिप्ट

व्यक्तिगत रूप से मतदान के लिए elections.on.ca/id-requirements पर स्वीकृत ID की सूची प्राप्त करें।

आएं हमारे लिए काम करें

इस चुनाव में काम करने के लिए आवेदन करें!

यदि आप 16 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं, तो आप एडवांस वोटिंग के दौरान या चुनाव के दिन चुनाव अधिकारी के रूप में काम करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। चुनाव में काम करके, आप मतदान को सभी के लिए आसान बनाने में मदद कर रहे हैं।

सभी पद वैतनिक है, और कर्मचारियों को सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य उपाय स्थापित हैं।

अधिक जानकारी के लिए jobs.elections.on.ca पर जाएं।

इलेक्शनज़ ऑंटैरियो ऐप

हमारे नए मोबाइल ऐप के साथ व्यक्तिगत चुनाव जानकारी प्राप्त करें!

इलेक्शनज़ ऑंटैरियो ऐप डाउनलोड करें और एक्सेस करने के लिए अकाउंट बनाएं:

- आपके वोटर जानकारी कार्ड का स्कैन करने योग्य संस्करण
- आपके मतदान स्थानों और तिथियों की पूरी सूची
- अनुकूलन योग्य चुनाव सूचनाएं

- आपके चुनावी जिले के लिए उम्मीदवारों की सूची

जल्दी वोट करें

- डाक द्वारा
    - डाक द्वारा वोट करने के लिए votebymail.elections.on.ca पर आवेदन करें या elections.on.ca पर आवेदन पत्र डाउनलोड और प्रिंट करें।
    - इलेक्शनज़ ओंटैरियो को आपका आवेदन 27 मई को शाम 6 बजे (पूर्वी समय) तक मिल जाना अनिवार्य है
    - गिने जाने के लिए इलेक्शनज़ ओंटैरियो को 2 जून को शाम 6 बजे (पूर्वी समय) तक आपकी पूरी की हुई वोटिंग किट मिल जाना अनिवार्य है
    - डाक द्वारा वोट करने के लिए आपको अलग ID की आवश्यकता है। elections.on.ca/id-requirements पर और जानें।
- आपके रिटर्निंग ऑफिस में
    - आपका रिटर्निंग ऑफिस आपके चुनावी जिले का स्थानीय चुनाव कार्यालय है
    - 5 मई से 1 जून को शाम 6 बजे (पूर्वी समय) तक अपने रिटर्निंग कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से मतदान करें
    - अपने वोटर जानकारी कार्ड पर या voterinformationservice.elections.on.ca पर अपना रिटर्निंग ऑफिस देखें
- एडवांस वोटिंग के दौरान
    - 19 और 28 मई के बीच अपने चुनावी जिले में किसी भी एडवांस वोटिंग स्थान पर सुबह 10 बजे से रात 8 बजे (पूर्वी समय) तक मतदान करें।
    - voterinformationservice.elections.on.ca पर वोटिंग स्थानों और तारीखों की पूरी सूची पाएं

चुनाव के दिन मतदान

- 2 जून को सुबह 9 बजे से रात 9 बजे (पूर्वी समय) तक अपने निर्धारित मतदान स्थान पर मतदान करें।
- अपने वोटर जानकारी कार्ड, इलेक्शनज़ ओंटैरियो ऐप पर, या voterinformationservice.elections.on.ca पर अपना निर्दिष्ट मतदान स्थान खोजें।

पहुंचयोग्यता

आपके लिए उपलब्ध कुछ पहुंचयोग्य साधन और सेवाएं यहां दी गई हैं।

आपके रिटर्निंग ऑफिस में:

- 21 मई से 1 जून तक या चुनाव के दिन अपॉइंटमेंट के द्वारा सहायक मतदान टेक्नोलोजी का उपयोग करें
- होम विज़िट का अनुरोध करने के लिए या अपने मतदान स्थल पर पहुंचयोग्य कर्बसाइड मतदान के लिए अपने रिटर्निंग ऑफिस को कॉल करें
- चुनाव के दिन से पहले किसी ऐसे मतदान स्थान पर स्थानांतरण का अनुरोध करें जो आपकी पहुंचयोग्यता आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा करता हो

आपके मतदान स्थान पर:

- एक अमेरिकी सांकेतिक भाषा दुभाषिया या इन्टरवीनर (intervenor) बुक करें और हम लागत को कवर करेंगे
- अपने मोबाइल डिवाइस का एक्सेसिबिलिटी टूल के रूप में उपयोग करें
- एक आवर्धक (magnifier) या ब्रेल बैलट टेम्पलेट का अनुरोध करें
- सहायता के लिए किसी मित्र, सहायक व्यक्ति या सर्विस जानवर को साथ लाएं
- elections.on.ca पर 30 से अधिक भाषाओं में मतदान निर्देश और जानकारी प्राप्त करें।

सभी मतदान स्थानों के लिए, जहां संभव हो इलेक्शनज़ ओंटैरियो के साइट एक्सेसिबिलिटी मानकों को पूरा करना अनिवार्य है।

अनुरोध करने पर मतदान के बारे में जानकारी वैकल्पिक स्वरूपों में उपलब्ध है।

अपने मतदान स्थान की पहुंचयोग्यता और अन्य सेवाओं की पहुंच के बारे में अधिक जानकारी के लिए, elections.on.ca/accessible-voting पर जाएं।

कोविड-19

मतदाताओं और अपने कर्मचारियों के लिए मतदान को सुरक्षित रखने के लिए हम स्वास्थ्य के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय के साथ काम कर रहे हैं। प्रांतीय कोविड-19 उपायों के अलावा, पब्लिक

हेल्थ यूनिट और नगर पालिकाएँ अपने क्षेत्र के लिए अन्य कोविड-19 स्वास्थ्य उपाय निर्धारित कर सकती हैं।

जब आप मतदान करने जाते हैं, तो आप देखेंगे कि हमने उस समय की सर्वोत्तम जानकारी के आधार पर उपाय स्थापित किए हैं- इसमें मास्क, शारीरिक दूरी, हैंड सैनिटाइज़र और प्लेक्सीग्लास बैरियर शामिल हो सकते हैं।

हमसे संपर्क करें

- वेबसाइट: elections.on.ca
- फोन: 1.888.668.8683
- टीटीवाए: 1.888.292.2312
- ईमेल: info@elections.on.ca
- ट्विटर: @ElectionsON
- फेसबुक: ElectionsON
- इंसटाग्राम: @electionson